# समाचार

## वृक्षमित्र अभियान

## निगम के वृक्षमित्र अभियान से वृक्षारोपण को मिला प्रोत्साहन–विधायक

(महापौर एवं नगर विधायक ने किया वार्ड क्र. 11 में वृक्षारोपण)



कोरबा 17 अगस्त 2017 – कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने निगम के वृक्षमित्र अभियान की प्रशंसा करते हुए आज कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रारंभ किए गए वृक्षमित्र अभियान से वृक्षारोपण को प्रोत्साहन प्राप्त हो रहा है तथा लोग पौधों के रोपण के लिए आगे आ रहे हैं। निश्चित रूप से यह अभियान एक सराहनीय कदम है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी कदम होगा।

उक्ताशय के विचार विधायक श्री अग्रवाल ने आज वार्ड क्र. 11 में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा कोरबा जोनांतर्गत स्थित वार्ड क्र. 11 पानी टंकी के पीछे स्थित नर्सरी मोहल्ला में निगम के वृक्षमित्र अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने इस मौके पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, उन्होने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया, उनके साथ ही निगम के पार्षदगण एवं वार्डवासियों ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि निश्चित रूप से वृक्षारोपण तथा वृक्षों की सुरक्षा आज की बड़ी जरूरत है, हम सभी को इस दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ अपना–अपना योगदान देना होगा तथा अधिक से अधिक संख्या में पौधों को लगाने तथा उनकी सुरक्षा व संवर्धन की दिशा में कार्य करना होगा। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि

वे निगम के वृक्षमित्र अभियान से जुड़े, अनेक किस्मों के एवं फलदार पौधे निगम से निःशुल्क प्राप्त करें, पौधों को लगाएं तथा उनकी सुरक्षा व संवर्धन का कार्य करें।
इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, समाज सेविका मंगल बुधिया, संतोष लांझेकर, लक्ष्मीदास, परमेश्वरी सोनी, रामसिंह राजपूत, राधेश्याम, राजू यादव, आशा ठाकुर, सुनीता पटेल, ललिता चौहान, श्यामा देवांगन, उर्मिला राजपूत आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।